पत्र सूचना शाखा
**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0

# मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की पावन जयन्ती के अवसर पर अटल जी की प्रतिमा के सम्मुख रखे उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी

## भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी का विराट व्यक्तित्व और कृतित्व देशवासियों को नई प्रेरणा प्रदान करता : मुख्यमंत्री

## प्रधानमंत्री के रूप में अटल जी ने देश को विकास के नए विजन के साथ आगे बढ़ाने का कार्य किया

## डबल इंजन सरकार ने अटल जी की स्मृतियों को जीवन्त बनाए रखने तथा विचार प्रवाह को निरन्तरता प्रदान करने के लिये राष्ट्र प्रेरणा स्थल का निर्माण कराया

## डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं0 दीनदयाल उपाध्याय और श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की भव्य प्रतिमाओं और डिजिटल म्यूजियम के माध्यम से 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के अभियान को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री जी के कर कमलों से राष्ट्र प्रेरणा स्थल का आज लोकार्पण होने जा रहा

## मुख्यमंत्री ने पं0 मदन मोहन मालवीय एवं महाराजा बिजली पासी की जयन्ती पर श्रद्धांजलि अर्पित की, क्रिसमस पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी

**लखनऊ : 25 दिसम्बर, 2025**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी का विराट व्यक्तित्व और कृतित्व देशवासियों को प्रेरणा प्रदान करता है। उन्होंने प्रदेश की राजधानी लखनऊ से प्रतिनिधित्व करते हुए प्रधानमंत्री के रूप में देश को विकास के नए विजन के साथ आगे बढ़ाने का कार्य किया था। डबल इंजन सरकार ने अटल जी की जन्म शताब्दी के अवसर पर उनकी स्मृतियों को जीवन्त बनाए रखने तथा विचार प्रवाह को निरन्तरता प्रदान करने के लिए लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल का निर्माण कराया है।

मुख्यमंत्री जी, पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की पावन जयन्ती के अवसर पर आज यहां लोक भवन स्थित अटल जी की प्रतिमा के सम्मुख रखे उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के उपरान्त मीडिया प्रतिनिधियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह वर्ष विशेष है, श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म शताब्दी महोत्सव का आयोजन पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ किया जा रहा है। अटल जी की कविताओं के काव्य पाठ, उनके लेखन, पत्रकारिता, संसद तथा अन्तरराष्ट्रीय मंचों पर दिए गये महत्वपूर्ण भाषणों को लेकर पूरे देश में विभिन्न शिक्षण–प्रशिक्षण संस्थाओं में अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की पैतृक भूमि उत्तर प्रदेश के जनपद आगरा का बटेश्वर स्थान है। श्रद्धेय अटल जी ने देश की संसद में उत्तर प्रदेश से कई बार प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने अपनी उच्च शिक्षा कानपुर में अर्जित की तथा सार्वजनिक जीवन की शुरुआत जनपद बलरामपुर से प्रारम्भ करते हुए देश की संसद में सर्वाधिक समय तक उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि भारत की तीन महान विभूतियों डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं0 दीनदयाल उपाध्याय और श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करने तथा उनकी स्मृतियों को नमन करने के उद्देश्य से लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल का निर्माण किया गया। तीनों महापुरुषों की भव्य प्रतिमाओं और डिजिटल म्यूजियम के माध्यम से डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के राष्ट्र के प्रति एकता और अखण्डता के संदेश, पं0 दीनदयाल उपाध्याय जी के अन्त्योदय के संकल्प और श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के समरसता के साथ 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के अभियान को आगे बढ़ाते हुए राष्ट्र प्रेरणा स्थल का लोकार्पण आज प्रधानमंत्री जी के कर कमलों से होने जा रहा है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज महान राष्ट्रवादी नेता, स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के संस्थापक महामना पं0 मदन मोहन मालवीय जी की पावन जयंती है। देश के स्वाधीनता आन्दोलन और स्वतन्त्र भारत में किस प्रकार की शिक्षण–प्रशिक्षण की व्यवस्था होनी चाहिए, इसके लिए पं0 मदन मोहन मालवीय जी ने वर्ष 1916 में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना करके देशवासियों को जो दृष्टि दी थी, उनकी इन सेवाओं के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री जी ने इस अवसर पर उनकी स्मृतियों को नमन करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज लखनऊ के महान योद्धा महाराजा बिजली पासी की भी पावन जयन्ती है। उन्होंने भारत की सनातन परम्परा को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए विदेशी हुकूमत का डटकर मुकाबला किया। डबल इंजन सरकार महाराजा बिजली पासी से जुड़े किलों के पुनरुद्धार के लिए निरन्तर कार्य कर रही है। उस परम्परा से जुड़े सभी महान योद्धाओं के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित कर रही है। इस अवसर पर उनकी स्मृतियों को नमन करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने क्रिसमस के पावन पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक, जल शक्ति मंत्री श्री स्वतंत्र देव सिंह, कृषि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही, लखनऊ की महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं शासन–प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

\-\-\-\-\-\-\-\-

***PN-CM-Atal Bihari Vajpayee Jayanti-Lok Bhawan-25 December, 2025***